नार्थ सेन्ट्रल रेलवे इम्पलाईज संघ

# NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : NCRES/84/76/21 Date : 2.1.2021

श्रीमान प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषयः— कोविड—19, महामारी के समय रेल चिकित्सालय में संविदा पर कार्य करने वाले कर्मचारियों को नगद पुरस्कार व अच्छा कार्य करने का प्रमाणपत्र दिया जाना।

महोदय,

कोरोना महामारी के समय इलाज हेतु रेल चिकित्सालय में कोविड वार्ड चालू कर रेलवे ने बहुत प्रशंसनीय कार्य किया जिससे आम जनता समेत रेल कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधा प्रदान कर लाभान्वित किया गया व तमाम रेल कर्मचारी कोरोना महामारी से ठीक भी हुये।

कोविड वार्ड में कार्य करने वाले रेल चिकित्सालय के मेडिकल स्टाफ को महाप्रबंधक महोदय द्वारा पुरस्कृत कर उन्हें प्रमाणपत्र भी प्रदान किया गया जिससे कोविड वार्ड में कार्य करने वाले कर्मचारियों का हौसला बढ़ा, और उनमें प्रसन्नता के भाव भी देखे गये।

अवगत कराना है कि रेल चिकित्सालय के कोविड वार्ड में कार्य करने हेतु वार्ड ब्वाय, स्टाफ नर्स आदि पदों पर चिकित्सा विभाग के नियमित कर्मचारी के अलावा संविदा पर भी कुछ कर्मचारियों को मरीजो की देखभाल व अस्पताल में चिकित्सा सुविधा के बेहतर संचालन हेतु लगाया गया था, जिन्होंने कम अनुभव होने के बावजूद कड़ी मेहनत व लगन से कार्य कर मरीजो की देखभाल करते हुये अस्पताल प्रबंधन को भी बेहतर सहयोग दिया, लेकिन खेद के साथ अवगत कराना है कि कोविड वार्ड में पूरी निष्ठा व ईमानदारी से अच्छा कार्य करने के बावजूद उन्हें नगद पुरस्कार एवं अच्छा कार्य करने का सर्टीफिकेट नही प्रदान किया गया जिससे वे सभी बहुत दुःखी है।

अतः NCRES का अनुरोध है कि कोविड वार्ड में कार्यरत नियमित मेडिकल स्टाफ की भाँति संविदा पर कार्य करने वाले कर्मचारियों को भी पुरस्कृत कर उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान करने की कृपा करे जिससे संविदा पर कार्य करने वाले कर्मचारियों का भी मनोबल बढ़े व रेल की छवि में और सुधार हो सके।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री

प्रतिलिपि ✓प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज